## खबर संक्षेप



### रेलिंग तोड़ते हुए पुल पर लटकी यात्रियों से भरी बस

**राजपुर।** बीती रात यात्रियों से भरी राजहंस बस दुर्घटना का शिकार होते बाल बाल बच गई। तेज रफ्तार बस गागर नदी के पुल की रेलिंग तो तोड़ते हुए लटक गई। यदि बस थोड़ा और आगे जाती तो यात्रियों समेत नीचे नदी में चली जाती और जिससे यात्रियों की मौत हो सकती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समय रहते यात्रियों को बस से निकाला। इस दौरान एनएच पर जाम की स्थिति बनी रही। बता दें कि राजहंस बस बीती रात यात्रियों को लेकर अंबिकापुर से सासाराम जा रही थी। इस दौरान रात लगभग 12 बजे एनएच 343 पर गागर नदी के समीप पहुंचते ही चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बस गागर नदी के पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए लटक गई। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित किया लेकिन बस का एक चक्का पुल से नीचे लटक गया था। इस दौरान बस में लगभग 45 से 50 यात्री सवार थे। घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और यात्रियों को बाहर निकालकर दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### ट्रक से डीजल चोरीः दो आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** चोरी के डीजल के साथ पटना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 9 जुलाई को प्रार्थी कुलदीप सिंह पिता मेजर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी पटना के द्वारा थाना पहुंच लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने ट्रक में डीजल भरवाकर अपने घर के पास ट्रक खड़ा किया था, उसी रात्रि में किसी अज्ञात के द्वारा तेल का टंकी को तोड़कर करीब 200 लीटर चोरी कर लिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि पटना झूमरपारा में एक अज्ञात ब्रेजा कार की डिक्की में जरकीन भरकर डीजल रखा है। उक्त सूचना के आधार पर ब्रेजा कार वाहन में रखे डीजल करीब 145 लीटर कीमत करीब 13485 रूपए एवं एक ब्रेजा कार तथा चोरी के लिए प्रयोग सामग्री को जब्त किया गया।

### बाइक चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा गली निवासी ठेकेदार राम मनोहर जायसवाल की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी व चोरी की बाइक खरीदी करने मामले में शामिल आरोपी ख़रीददार को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामनमोहर जायसवाल ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी बाइक चोरी हो गई है।

### पाइप लाइन का हो गया विस्तार लेकिन टंकी अधूरी

**राजपुर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में की गई लेटलतीफी और मनमानी का खामियाजा ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा गांव में नल लगाकर छोड़ दिया गया है लेकिन पानी टंकी का काम अधूरा है। ऐसे में ग्रामीण ढोढ़ी, कुंए का पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम पंचायत नवकी में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल जल योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार व पानी टंकी बनाने का काम चल रहा था। निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद ठेकेदार ने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कुछ स्थानों पर नल कनेक्शन देने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार कर दिया गया लेकिन पानी टंकी का निर्माण करना भूल गया।

---

केन्द्रीय विद्यालय का मामला, चार दिनों तक प्रबंधन ने खुद की इंक्वायरी

# छात्रा के पानी बॉटल में एसिड! पांचवें दिन पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केन्द्रीय विद्यालय की एक छात्रा के पानी बॉटल में ज्वलनशील पदार्थ मिलाए जाने के मामले में स्कूल प्रबंधन ने चार दिनों तक खुद की कमेटी बनाकर जांच की, लेकिन इस टीम को जब कही कोई सफलता नहीं मिली तो पांचवे दिन पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। कोतवाली की टीम तत्काल स्कूल पहुंची और संबंधितों से प्रारंभिक पूछताछ कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान पानी बॉटल में एसिड था अथवा अन्य कोई ज्वलनशील पदार्थ इसकी भी जांच पुलिस कर रही है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर मे संचालित केन्द्रीय विद्यालय में सोमवार 8 जुलाई को उस वक्त छात्र छात्राओं के साथ प्रबंधन सकते में आ गया, जब मैदान से लौटी छात्रा ने पीने के लिए अपना पानी बॉटल निकाला, जैसे ही उसने पानी के घूंट पीए उसे तीव्र जलन हुआ। इस दौरान बॉटल का कुछ पानी नीचे गिराया तो एसिड की तरह झाग निकलने लगा। इसके बाद छात्र छात्राएं सकते में आ गए। दहशत तब और बढ़ गया, जब एक गुमनाम पत्र मिला। जिसमें प्रबंधन को चुनौती दी गई थी। इसकी सूचना परिजनों को मिली तो वे भी घबरा गए और तत्काल स्कूल पहुंचकर इसकी जानकारी ली।



### बेपरवाह प्रबंधन, सुरक्षा पर सवाल

जिला मुख्यालय के केन्द्रीय विद्यालय में छात्रा के पानी बॉटल में जिस तरह से एसिड मिलने की घटना हुई और प्रबंधन को चुनौती भरे गुमनाम पत्र मिला है। इस मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है। खास बात यह है कि जिले के मुखिया कलेक्टर इस समिति के पदेन अध्यक्ष होते है, इसके बाद भी प्रबंधन ने इसे जिस तरह से हल्के में लिया है। उसको लेकर ना केवल समिति व प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी अभिभावक सोचने पर विवश है।

### पुलिस करेगी जांच

8 जुलाई की घटना है। स्कूल की इंक्वायरी कमेटी ने जांच की। कुछ पता नहीं चला तो अविभावकों से सहमति लेकर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए है। अब पूरे मामले की जांच पुलिस करेगी।

-के.के. चंद्रा,
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर

### कर रहे मामले की जांच

स्कूल प्रबंधन ने छात्रा के पानी बॉटल में एसिड मिलने की सूचना दर्ज कराई है। मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जांच के लिए सेंपल भी भेजे है। इसके अलावा सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

-प्रवीण द्विवेदी
टीआई, जांजगीर

---

# पुलिसकर्मियों ने दिव्यांग को पीटा महिला आरक्षक सहित तीन सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सटोरिया को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों ने एक होटल में दबंगई करते हुए कर्मचारी दिव्यांग युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। शिकायत के बाद एसपी ने महिला आरक्षक सहित 3 आरक्षकों को निलंबित कर दिया है।

9 जुलाई को बेलगहना थाने में पदस्थ आरक्षक दामोदर सिंह, नव आरक्षक हेमंत चन्द्राकर व महिला आरक्षक कोमल तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर सटोरिया को पकड़ने के लिए खोंगसरा आमागोहन स्थित बादल नामक युवक के होटल में दबिश दी। तीनों सिपाही दबंगई दिखाते हुए होटल में घुसकर कर्मचारियों को बाहर करने लगे। दिव्यांग कर्मचारी समसुद्दीन सुन नहीं पाया और बाहर नहीं निकला तो तीनों सिपाहियों ने हुज्जतबाजी करते हुए उसे बाहर निकाला और उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। दिव्यांग कर्मचारी से मारपीट करने पर गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने तीनों आरक्षकों को घेरकर बंधक बना लिया। सूचना मिलते ही थानेदार स्टाफ के साथ गांव गए और ग्रामीणों को समझाइश दी। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की शिकायत एसपी से की। उस समय तीनों सिपाहियों को छोड़ दिया गया था। एससी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरक्षक दामोदर सिंह, नव आरक्षक हेमंत चंद्राकर, महिला आरक्षक कोमल तिवारी को निलंबित कर दिया है।

### तीन आरक्षक हुए निलंबित

सट्टा खिलाने की सूचना पर दबिश दी गई थी। उस दौरान दिव्यांग युवक से झुमाझटकी हो गई। शिकायत पर एसपी ने तीनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। कोटा थाने से गांजा के साथ तस्करों को पकड़ने की जानकारी नहीं दी गई है। थानेदार से जानकारी ली जाएगी।

-नुपुर उपाध्याय कोटा एसडीओपी

### कोटा थाना से गांजा सहित पकड़े गए दो तस्करों को छोड़ा

सूत्रों के अनुसार 10 जुलाई की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच कोटा पुलिस ने कोटा - रतनपुर मार्ग स्थित एक चर्चित होटल के पास कोटा के दो युवकों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास 2 किलो गांजा मिला। पुलिस गांजा सहित दोनों युवकों को थाने लेकर गई। बताया जाता है कि देर रात बिना कार्रवाई के दोनों तस्करों को छोड़ दिया गया है।

---

### पुल पर मवेशियों का जमावड़ा...



लगरा पुल पर बैठे मवेशियों के कारण आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी।

---

# सड़क पर मवेशी, हाईकोर्ट ने कहा - सख्ती से करें कार्रवाई वरना जवाबदेही तय की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेशभर के सड़कों में आवारा कुत्तों और मवेशियों को लेकर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई। हाईकोर्ट ने प्रदेश के नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों और राजमार्गो में आनेवाले पशुओं को रोकें और संभावित दुर्घटना रोकने सख्त कदम उठाया जाए।

- नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़ा निर्देश

कोर्ट ने यह भी कहा है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर जवाबदेही तय की जाएगी। ध्यान रहे कि सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर राजकुमार मिश्रा व अन्य जनहित याचिका लगाई है। याचिका में कहा गया है कि आवारा मवेशियों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बड़ी संख्या में मौतें भी हो रही हैं। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। प्रदेश की सड़कों पर मवेशियों के जमघट से होने वाली होने वाली परेशानियों को लेकर वर्ष 2019 में जनहित याचिकाएं लगाई गई थीं। तब से लेकर अब तक हाई कोर्ट ने कई बार दिशा- निर्देश जारी किए हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने मार्च 2024 में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, एनएचएआई से जवाब मांगा था। अभी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बरसात शुरू होते ही सड़कों पर मवेशी नजर आने लगे हैं। यह शहर ही नहीं, पूरे प्रदेश की समस्या है। अब यह गंभीर हो चुकी है। इसे संयुक्त प्रयास से ही समाधान किया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान एडवोकेट अमित सोनी ने रायपुर में हुई घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़कों पर बैठी गायों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें 4 गायों की मौत हो गई। हाईकोर्ट ने अखबार में छपी खबर का जिक्र करते हुए कहा कि अंडरब्रिज में मवेशी बैठे रहते हैं।

### कुछ दिन कार्रवाई फिर सुस्ती



दूसरी ओर हाईकोर्ट रे आदेश के बाद नगर निगम ने कुछ दिनों तक ही मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई की थी और जोन स्तर पर 8 काउ केचर लाकर मवेशियों को जोन स्तर पर पकड़ने की बात कही थी। काउ केचर ले लिया गया, लेकिन इसे खींचने के लिए नगर निगम के पास वाहन उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान में नगर निगम के अतिक्रमण शाखा के पास काउ केचर की कमी है। इनके बूते ही शहर के मवेशियों को पकड़ने के दावे किए जा रहे हैं। मवेशियों को पकड़ने काउ केचर पंप हाउस से निकलते तो हैं, लेकिन सड़क पर ये वाहन खाली ही दौड़ाए जाते हैं।

### आवारा कुत्तों के कारण भी बढ़ीं मुश्किलें

शहर के कई क्षेत्रों में आवारा कुत्तों ने आतंक मचाकर रखा है। यहां ये स्थिति महीनों से बनी है। इसके चलते बच्चे और बड़ों का घर से निकलना दूभर हो गया है। इसके बावजूद कॉलोनी प्रबंधन और इनके कर्ता-धर्ता इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिनभर कुत्तों का झुंड घूम-घूमकर यहां लोगों के दहशत भर रहा है। ज्यादतर डॉग उन गार्डन के आसपास घूमते हैं, जहां बच्चे दिन भर की थकान के बाद शाम के वक्त खेलने जाते हैं।

### शहर से लेकर हाइवे तक में जमावड़ा

बिलासपुर में ही शहर से लेकर नेशनल हाइवे तक आवारा पशु लोगों की राह में परेशानी का सबब बन चुके हैं। कभी ये खुद हादसे के शिकार होते हैं तो कभी आम लोगों की दुर्घटना का कारण बनते हैं। इसके बाद भी इन्हें सड़कों से दूर करने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सड़क के मवेशी ही ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा कर रही है। अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है इसके कारण शहर की कई सड़कें एक्सीडेंट जोन में तब्दील हो चुकी है। कुछ दिन पहले आयुक्त ने कार्रवाई करने की बात कही थी।

---

# 110 नग नशीली कफ सिरप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 110 नग अवैध नशीला कफ सिरप बरामद किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी कर झारखंड गढ़वा के गोरमाना अंतर्गत ग्राम भंवरी निवासी 42 वर्षीय संजय कोरवा आ. देवलाल कोरवा व 22 वर्षीय अनूप कोरवा आ. संजय कोरवा को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई। आरोपियों के पास से प्लास्टिक बोरी में रखा 110 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। आरोपी शहर के सनराइज स्कूल रोड में रहकर नशे का कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से 88 हजार रुपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कोदो खाकर एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार

**वाड्रफनगर।** एक ही परिवार के चार सदस्यों को फूड प्वाइजनिंग की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिवार के सदस्यों ने भोजन के दौरान अत्यधिक मात्रा में कोदो का सेवन कर लिया था जिसके बाद उनकी तबियत बिगड़ गई। फिलहाल ग्रामीणों का उपचार सिविल हॉस्पिटल में जारी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम ढढ़ीया से एक ही परिवार से चार सदस्यों को आज दोपहर उल्टी और नशे की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों में दो बच्चे भी शामिल है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि घर में परिवार के चार सदस्यों ने कोदो का सेवन किया था जिसके बाद उन्हें नशा हो गया और उल्टी शुरू हो गई। आनन फानन में सभी को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल इनमें से दो की हालत गंभीर है और चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है।

---

# महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के लिए एक माह की मोहलत खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बीम की ढलाई पूर्ण लेकिन सेंट्रिंग खुलने में लगेगा एक और महीना

महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के नाम पर मार्ग को बंद करने के लिए निगम द्वारा ली गई एक माह की मोहलत खत्म हो गई। एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रवेश द्वार के बीम निर्माण का काम पूर्ण नहीं हो पाया है।

बड़ी मुश्किल से डेढ़ माह में सिर्फ ढलाई का काम ही हो पाया है ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आगामी और एक माह तक लोग इस मार्ग का उपयोग आवागमन के लिए नहीं कर पाएंगे। ढलाई को सूखने और सेट होने में फिलहाल समय लगेगा तब तक सेंट्रिंग खोलने का काम नहीं किया जा सकता है। अधिकारी सेंट्रिंग खुलने में 25 दिनों का समय लगने की बात कह रहे है। बता दें कि नगर निगम द्वारा शहर के महामाया मंदिर से पहले चौक पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 53.29 लाख रुपए की लागत से भव्य प्रवेश द्वार बनवाया जा रहा है जिसकी ऊंचाई 34 फीट होगी व निर्माण के बाद प्रवेश द्वार से 23 फीट की ऊंचाई का ग्राउंड क्लियरेंस मिलेगा। वहीं इस द्वार की कुल चौड़ाई 60 फीट होगी जिसमें दोनों तरफ दो-दो कॉलम होंगे। इसके साथ ही द्वार से 40 फीट की चौड़ाई में रास्ता मिलेगा। महामाया प्रवेश द्वार निर्माण में राजस्थान के पिंक सैंड स्टोन का उपयोग किया जा रहा है। महामाया प्रवेश द्वार निर्माण के तहत दोनों ओर के कॉलम का काम पूर्ण होने के बाद ढलाई का काम किया गया है लेकिन ढलाई के कार्य हेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा इस मार्ग को एक माह के लिए बंद करने की सूचना जारी की गई थी।



---

आठ दोपहिया वाहन किया गया बरामद, कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# सिलसिलेवार बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस ने शहर में सिलसिलेवार ढंग से हो रही बाइक चोरियों के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को पकड़ने के पास से आठ दो पहिया वाहन बरामद किया है। आरोपी लम्बे समय से शहर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे और कई बाइक की चोरी कर उन्हें बेच भी दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ मामले की जांच कर रही है। आज मामले का खुलासा करते हुए एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मोमिनपुरा निवासी वसीम अहमद उर्फ सोनू 5 जुलाई को नमाज पढ़ने के लिए जामा मस्जिद गया हुआ था। इस दौरान उसने अपनी बाइक स्प्लेंडर सीजी 15 डीजी 2272 मस्जिद के बाहर खड़ी की थी। जब युवक नमाज पढ़कर वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में उसने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम का गठन कर घटना स्थल व आस पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे संदेही लुंड्रा बकना निवासी 28 वर्षीय सद्दाम हुसैन आ. शहादत हुसैन व बरगीडीह निवासी दीपक प्रजापति आ. प्रेमसाय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके साथ ही पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने शहर के जामा मस्जिद, फिरदौसी हॉस्पिटल, तेज ब्लड बैंक के सामने से, बुधवारी बाजार, जिला अस्पताल, गुदरी बाजार व कंपनी बाजार सहित अन्य स्थानों से बाइक व दो पहिया वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों द्वारा छिपाकर रखे गए 8 नग बाइक बरामद किया गया। पुलिस की जांच में आरोपियों ने चोरी की गई कुछ बाइक को बेचने की बात भी कबूल की है। इसलिए पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी आदतन चोर है और पूर्व में भी जेल जा चुके है। पुलिस ने आरोपियों पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, लुंड्रा थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, सउनि कृष्ण कुमार यादव, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, गणेश कदम, सत्यनारायण पाल, आरक्षक सतेंद्र दुबे, विकाश सिंह, राहुल सिंह, अमित विश्वकर्मा, रमेश राजवाड़े, दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा, बालेश्वर सिंह, अनिल मरावी, जयईश्वर तिर्की, दीपक दास शामिल रहे।



---

# गाज की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत, एक घायल

**सीतापुर।** शुक्रवार की शाम डांगबुड़ा में अलग अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि मृत महिला के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के खर्राबहार सुरेशपुर निवासी 65 वर्षीया फूलो बाई उरांव अपने समधी के घर डांगबुड़ा आई हुई थी। शुक्रवार की दोपहर महिला समधी के खेत में काम करने के लिए गई हुई थी। इसी बीच गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही दूसरी घटना भी डांगबुड़ा में हुई जहां गांव की 62 वर्षीया वृद्धा अघनी बाई आज शाम खेत काम करते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर महिला की मौत के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### छप्पर मरम्मत के दौरान करंट से मजदूर की मौत

**जांजगीर-चांपा ।** छप्पर मरम्मत के दौरान 11 केव्ही विद्युत तार के करेंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के चण्डीपारा की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 12 जुलाई की सुबह 9 बजे अमृत सिदार (45) और भरत लाल लहरे (50) चांडीपारा वार्ड नंबर 10 में हुकुम बाई साहू के घर के छत की खप्पर की मरम्मत के लिए ऊपर चढ़े हुए थे। अमृत सिदार ने छत में लगे लोहे की पाइप को निकाल रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजरे 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आ गए। करेंट लगने से अमृत सिदार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भरत लाल भी झुलस गया, जिसे तुरंत अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस हादसे की जानकारी पामगढ़ थाने में दी गई। वहीं घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### गबन के आरोप के बाद बेल्हाडीह सचिव को हटाया

**बेल्हाडीह।** बेल्हाडीह (जेठा) ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर कलेक्टर ने संज्ञान लिया है। 29 लाख के गबन के आरोप के बाद ग्राम पंचायत सचिव घासीराम साहू को हटाने की कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत बेल्हाडीह में सचिव द्वारा गबन व भ्रष्टाचार करने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। मामले की जांच करने टीम पंचायत भवन पहुंची लेकिन शिकायतकर्ताओं की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आक्रोशित हो गए। क्षुब्ध ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ग्रामीणों ने एक पत्र और दिया। जिसमें बेल्हाडीह में 29 लाख 66 हजार के गबन की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के लोगों ने एकपक्षीय जांच करने का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। गांव के लोगों ने बताया कि पंचायत में लगभग 29 लाख 66 हजार के कार्य ऐसे हैं जिनकी राशि निकाल ली गई है लेकिन काम धरातल पर नहीं हुए हैं। इस संबंध में सक्ती जनपद सीईओ श्रीमती प्रीति पवार का कहना है कि ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के सचिव को हटा दिया गया है। जांच टीम जांच करने भी गई थी। जांच प्रभावित न हो इसलिए सचिव को हटाया गया है। विवाद की स्थिति न हो इसके लिए पुलिस बल के लिए एसडीएम से मांग की गई है। उसके बाद पुनः टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

### पहले भालू ने काटा फिर उल्टी दस्त से गंभीर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** भालू के काटने से गंभीर होने तथा उपचार कराने के पश्चात घर आने पर महिला उल्टी दस्त से गंभीर हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत भालू के काटने या उल्टी दस्त से हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम बकालों निवासी देव प्रताप ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मां सुखमनिया पति स्व. मसत दास पनिका (52 वर्ष) 15 मई की सुबह 7.30 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने घर से 2 सौ मीटर दूर जंगल गई थी। इसी दौरान भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुखमनिया को गंभीर हालत में सूरजपुर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने 21 मई को छुट्टी दे दी और बीच बीच में जांच कराने की सलाह दी। इसी बीच 11 जुलाई की दोपहर उल्टी दस्त होने से गंभीर हो गई तो उसे सूरजपुर से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### करमंदा में फैला डायरिया का प्रकोप, एक महिला की मौत

**जांजगीर-चांपा ।** बलौदा ब्लाक के ग्राम करमंदा में डायरिया का प्रकोप फैल गया है। गांव में लगभग तीन दर्जन लोग इसकी चपेट में आ गए है। डायरिया से पीड़ित एक बुजुर्ग महिला की मौत भी हो गई है। वहीं कुछ मरीज जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए है। वहीं कुछ का बलौदा के अस्पताल में उपचार चल रहा है। बरसात का मौसम शुरू होते ही डायरिया के केस सामने आने लगे है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों से डायरिया के मरीज पहुंच रहे है। अभी बलौदा ब्लाक के ग्राम करमंदा में डायरिया ने पैर पसार लिया है। गांव के लगभग तीन दर्जन लोग इसकी चपेट में आ चुके है। इनमें से कुछ मरीजों का बलौदा के अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। गंभीर रूप से पीड़ित 3 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से एक बुजुर्ग महिला पांचोबाई की मौत हो गई। वहीं अन्य का अस्पताल में उपचार जारी है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**राजपुर।** बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। थाना अंतर्गत ग्राम बगाड़ी महादेवपारा निवासी 60 वर्षीय रामदेव आ. स्व. हीरा लाल 10 जुलाई को घर से बिना बताए कहीं चला गया था। ग्रामीण रातभर घर नहीं लौटा। 11 जुलाई की दोपहर तीन बजे वृद्ध फिर से अपने खेत के पास पहुंचा और अपने नाती को खेती संबंधित जानकारी दी और फिर उसके बाद वापस लौट गया।

### करतला ब्लॉक के ग्राम मदवानी में बना है 17 करोड़ की लागत से पुल

# छिंदई नदी में पुल निर्माण से ग्रामीणों को मिली आवागमन की सुविधा, जुड़ेगा विकास की धारा से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


छिंदई नदी पर नवनिर्मित पुल।

बारिश के समय लंबे समय से उफनती नदी को पार करने में परेशानी झेलने वाले ग्रामीणों को अगर बारिश के दिनों में नदी में पुल निर्माण की सौगात मिल जाए तो यह उन ग्रामीणों के लिए बड़ी बात होगी, जिसकी मांग उनके गुजरी पीढ़ी के द्वारा जनप्रतिनिधियों से लगातार की जाती रही। करतला विकासखंड के ग्राम मदवानी-कछार-तराईमार -कुदमुरा मार्ग में छिंदई नदी में लगभग 17 करोड़ 17 लाख की राशि से बने उच्च स्तरीय पुल का हाल ही में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने लोकार्पण किया था।


करतला विकासखंड के रामपुर, मदवानी सहित आसपास के अनेक गांव को कुदमुरा, हाटी सहित प्रमुख मार्गों से जोड़ने में यह पुल ग्रामीणों के लिए बहुत मददगार साबित हो रहा है। पुल के बन जाने से विकास के नए द्वार खुल गए हैं। वर्षों से इस नदी में पुल की मांग थी जो अब पूरी हो गई है। बारिश के साथ ही उफान पर रहने वाले मदवानी के इस छिंदई नदी को पार कर पाना आसपास के ग्रामीणों के लिए कितना जोखिम भरा होता था, यह तो ग्रामीण ही जानते हैं। उन्हें एक गांव से दूसरे गांव जाना हो या फिर अपने किसी परिचित के घर जाना हो, लंबे समय तक पुल नहीं होने का खामियाजा भुगतना पड़ता था। बारिश आते ही महीनों तक बहुत से लोगों की या तो भेंट मुलाकात बंद हो जाती थी, या फिर लंबी दूरी तय कर एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता था। इस लंबी दूरी को तय करने के लिए उन्हें अतिरिक्त पैसे तो खर्च करने ही पड़ते थे, इसके साथ ही बहुत ज्यादा समय भी देना पड़ता था। यह पुल आवागमन का पुल होने के साथ ही विकास का भी पुल बन गया है। इस पुल से मदवानी, कछार, महराजगंज, चारमार, रामपुर, कुदमुरा, करतला, चांपा सहित अन्य गांव के ग्रामीणों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि आसपास के गांव में लड़के-लड़कियों की शादी तय होती है और रिश्ते बनते हैं। ग्राम मदवानी-कछार-तराईमार -कुदमुरा मार्ग के छिंदई नदी में पुल सिर्फ आवगमन का पुल ही नहीं है। यह पुल हमारे रिश्तों को मजबूत बनाने वाले और हमारी परेशानियों को दूर करते हुए खर्च को कम कर खुशियां देने वाला पुल भी है।

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीण कमल सिंह चौहान ने बताया कि पहले उन्हें लंबी दूरी तय करके एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता था। उन्हें पांच से 10 किलोमीटर अतिरिक्त वाहन बाइक घुमाना पड़ता था। इससे उनके अतिरक्त रूपये और समय का नुकसान होता था। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में नदी में पानी कास्तर कम होने पर बहुत से ग्रामीण जोखिम उठाकर नदी पार कर लेते थे। बारिश में नदी का स्तर बढ़ने पर पुल पार करना खतरनाक बन जाता था। अब जबकि पुल बन गया है। आवागमन में आसानी होने के साथ ग्रामीणों को बहुत सहूलियत होने लगी है। ग्राम मदवानी के किसान श्री भुनेश्वर राठिया का कहना है कि गांव में रहने वाले लोगों का दूसरे गांव तक रिश्तेदारों के पास सुखःदुख में आना-जाना रहता है। पुल नहीं होने से विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए कुछ लोग जोखिम उठाकर पुल पार करने की कोशिश करते थे, वहीं कुछ लोग अपना बहुत समय बर्बाद कर दूसरे रास्तों से आवागमन करते थे।

# श्रम कार्ड के साथ-साथ विभिन्न योजना से सीधे जुड़ेंगे श्रमिक : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


लखनलाल।

उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड में श्रम विभाग शिविर लगाई जा रही है। 11 जुलाई से 14 अगस्त तक हर दिन दो वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे।

गौरतलब है की श्रम मंत्री श्री देवांगन ने पिछले महीने सभी जिलों के श्रम अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की थी। साथ ही कड़े निर्देश दिए थे की हर योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा श्रमवीर परिवारों को मिले। इसके लिए जरूरी है विभाग खुद श्रमिकों के पास जाए। मंत्री श्री देवांगन के निर्देश के बाद अब नगर निगम क्षेत्र में शिविर प्रारंभ कर दिए गए हैं। प्रतिदिन दो वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से लोगों को हर योजना की जानकारी दी जाएगी, हितग्राही जिस भी योजना का लाभ उठाना चाहें फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए विभाग द्वारा मदद की जाएगी। शिविर में इसका लाभ उठा सकते हैं। मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जितने भी आवदेन आएं, उसमें पूरा प्रयास करें की सारे आवश्यक दस्तावेज हितग्राही से एक बार ले लें, बाद में हितग्राही को परेशान नहीं होना पड़े। आवदेन निरस्त करने की स्थिति न बनें। पात्र हितग्राहियों के आवदेन की स्वीकृति मे विलंब बिल्कुल न करें।

**खास बात**
- समीक्षा बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने दिए निर्देश

# महासंघ की मांग पर शीघ्र चर्चा कर विभिन्न श्रमिक समस्याओं का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


नवनियुक्त एमडी से मुलाकात करते महासंघ के पदाधिकारी।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छग बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने कर्मचारियों के पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण, ग्रेडेशन, पदोन्नति सहित विभिन्न श्रमिक समस्याओं के निराकरण लिए द्विपक्षीय वार्ता हेतु समय प्रदान किए जाने की मांग की गई, जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं पर शीघ्र ही बैठकर एवं चर्चा कर प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

महासंघ के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा कंपनी मुख्यालय में प्रबंधन के कार्यपालक निदेशक ट्रांसमिशन अशोक कुमार वर्मा, कार्यपालक निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन आरए पाठक एवं उप महाप्रबंधक ट्रांसमिशन जीपी खंडेलवाल सहित अलग-अलग उच्चाधिकारियों से मुलाकात कर कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया एवं निराकरण किये जाने की मांग की गई जिसमें अधिकारी, कर्मचारियों के वरिष्ठता एवं कार्यालयीन, तकनीकी कर्मचारी के पदोन्नति से सम्बंधित समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण किये जाने, दुर्ग बेमेतरा के संविदा कर्मचारी लोकनाथ साहू के सेवा बहाली एवं उच्च न्यायालय के आदेश पर काफी चर्चा हुई, जिस पर शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम मिलने एवं दो-तीन दिवस में सेवा बहाली के आदेश जारी होने संघ को आश्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त महासंघ के द्वारा दी गई मांगपत्र में विभिन्न लंबित श्रमिक समस्याओं के निराकरण हेतु प्रबंधन के द्वारा शीघ्र ही महासंघ के साथ बैठक, चर्चा वार्ता आयोजित की जाएगी एवं प्राथमिकता से सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर महासंघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष बीएस राजपूत, महामंत्री नवरतन बरेठ, अभाविम महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण देवांगन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डीके यदु, कोषाध्यक्ष तेजप्रताप सिन्हा, कार्यालय मंत्री कोमल देवांगन, प्रदेश मंत्री शंकर नायडू व प्रमोद कुर्रे, संगठन मंत्री शिवेंद्र दुबे, वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र श्रीवास्तव, पी कामेश्वर, मनोज मिश्रा एवं पी आदित्य सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए।

**खास बात**
- स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक से महासंघ के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

### निगम ठेकेदार परेशान, आर्थिक तंगी का करना पड़ रहा सामना

**कोरबा।** सिविल कांट्रेक्टर एन्ड जनरल ऑर्डर सप्लायर असलम खान ने अपनी माली हालत का जिक्र करते हुए किये गए कार्य का भुगतान शीघ्र कराने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। अधोसंरचना मद से भुगतान बावत किये गए आग्रह में असलम खान ने बताया कि अधोसंरचना मद अंतर्गत कार्य का कार्यदेश 23 दिसंबर 2022 समयावधि 3 माह के तहत कार्यादेश जारी किया गया था। उक्त कार्य को असलम के द्वारा 23 मार्च 2023 को पूर्ण कर लिया गया है लेकिन आज तक उक्त कार्य का भुगतान अप्राप्त है। उसकी भुगतान की फाईल चेक शाखा में भुगतान हेतु रखी गई है। उक्त कार्य का भुगतान कराया जाय। असलम ने कहा है कि उक्त कार्य का भुगतान 1 साल 4 माह से लंबित है जिससे उसके 2 बच्चों की स्कूल की फीस, जीएसटी रिर्टन, बैंक के गोल्ड लोन, व्यापारियों का कर्ज भी अदा करना पड़ता है। इस कारण वह शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहा है।

# कोल इंडिया अनुषांगिक कंपनियों की रेटिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने अपने अनुषांगिक कंपनियों की रेटिंग वित्तीय वर्ष 2021- 22 जारी कर दी है। 20 जून को आयोजित हुई कोल इंडिया बोर्ड की 453वीं बैठक में स्कोर के आधार पर रेटिंग तय की गई थी।

अनुषांगिक कंपनियों की रेटिंग के आधार पर कोयला अधिकारियों को पीआरपी भुगतान होगा। पीआरपी के रूप में अधिकारियों को मोटी रकम मिलेगी। यह वेतन के अतिरिक्त है, जो साल में एक बार प्रदर्शन के आधार पर दी जाती है। जिस कंपनी की जो रेटिंग है, उस कंपनी के अधिकारियों को उसी अनुरूप पीआरपी का भुगतान किया जाएगा। पीआरपी के रूप में डेढ़- दो लाख से सात- आठ लाख तक कोयला अधिकारियों को मिलेंगे। जून में ही भुगतान कर दिया जाएगा। एक्सीलेंट वाली कंपनियों के अधिकारियों को सबसे ज्यादा आर्थिक लाभ पीआरपी के तौर पर होगा। इसके बाद वैरी गुड और फिर गुड रेटिंग वाली कंपनियों के अधिकारियों को रकम मिलेगी।

**खास बात**
- रेटिंग के आधार पर कोयला अधिकारियों को पीआरपी का होगा भुगतान

**कंपनीवार स्कोर एवं रेटिंग (वित्तीय वर्ष 2021- 22)**

| कंपनी | स्कोर | रेटिंग |
|---|---|---|
| एसईसीएल | 69.67 | गुड |
| ईसीएल | 61.46 | गुड |
| बीसीसीएल | 88.93 | वेरी गुड |
| सीसीएल | 91.99 | एक्सलेंट |
| एनसीएल | 96.26 | एक्सलेंट |
| डब्ल्यूसीएल | 90.14 | एक्सलेंट |
| एमसीएल | 95.18 | एक्सलेंट |
| सीएमपीडीआईएल | 93.56 | एक्सलेंट |

# आंगनबाड़ी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान, किया गया पौधरोपण


पौधरोपण करते रेणु प्रकाश एवं अन्य।


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नारी शक्ति से जल शक्ति के संदेश का प्रचार-प्रसार, जल संचयन और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पौधरोपण अभियान एवं महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नगरीय क्षेत्र कोरबा के पंपहाउस स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पूर्व एल्डरमैन नगर निगम राम गोपाल यादव द्वारा पौधरोपण किया गया। उन्होंने सभी आमजनों से अपनी मां के नाम से एक पौधा अनिवार्य रूप से लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह धरती हमारी मां है, उसकी सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों से प्राणदायिनी ऑक्सीजन मिलता है साथ ही यह जल संरक्षण में भी सहायक है। इस हेतु आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसका बचाव कर अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। श्री यादव ने कहा कि तीन बिदुओं पर यह कार्यक्रम आयोजित की गई है एवं सभी थीम एक दूसरे जुड़े हुए है। नारी शक्ति का जल संचयन के लिए आगे आने पर जल का वास्तविक संरक्षण होगा। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अंतर्गत बालिकाओं के अच्छे से पालन-पोषण उच्च शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। जिससे आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति से जल शक्ति का नारा दिया है। जिससे जल संरक्षण में महिलाएँ अग्रणी भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम महिला व बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश, अधीक्षण अभियंता नगर निगम अखिलेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारियों ने भी आंगनबाड़ी परिसर में मुनगा, अमरूद, आंवला जैसे पौधे का रोपण किया गया।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया पौधारोपण

जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश एवं महिला बाल विकास परियोजना बरपाली के मार्ग दर्शन पर आंगनबाड़ी केन्द्र भाठापारा बरपाली में सरपंच श्रीमति सुमित्रा बाई के आतिथ्य में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण बहुत जरूरी है हर क्षेत्र में जल की आवश्यकता होती है। हमें अधिक से अधिक जल संरक्षण करना चाहिए तालाब के अलावा गड्ढे खोद कर जल संरक्षण करना बहुत जरूरी है। वहीं पेड़ जल को अपने तरफ खींच कर पानी की वर्षा कराते जीवन जीने के लिए आक्सीजन प्रदान करते पेड़ों की कटाई नहीं करनी चाहिए। सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए वहीं सभी को सुपरवाइजर निमा महंत ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील दूरभाष से संबोधित किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनकुंवर कैवर्त, सहायिका आरती बिंझवार, मितानीन रमौतीन फूलेश्वरी, बिंझवार सरिता, सुषमा, ज्योति आरती, इतवारा बाई, पूर्णिमा, संतरा बाई, सुरेश, छतराम आदि कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाया।



### सराईसिंगार में किया गया पौधारोपण



आंगनवाड़ी में किया गया पौधारोपण एवं जन संरक्षण के बारे में शपथ दिलाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बताया कि हमारे क्षेत्र में जल की समस्या निरंतर बना हुआ है तथा जल संरक्षण हमें बहुत जरूरी है। हर क्षेत्र में आज जल की बहुत ही आवश्यकता है बिना जल के कोई भी कार्य करना संभव नहीं होता। साथ ही क्षेत्र के लोगों को जल संरक्षण के लिए शपथ भी जनपद सदस्य ने दिलाया और लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए अपील किया। तालाबों में जल संरक्षण एवं गड्ढे खोदकर पानी को संरक्षित किया जा सकता है बहता हुआ पानी बेकार न चला जाए, इससे अच्छा है कि घर में सोखता बनाकर पानी को सुरक्षित रखा जाए और पानी के स्रोत को बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती निशू राज, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर हेमलता साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंदन बाई निर्मलकर, शिक्षिका वसुंधरा कुर्रे, अनुसूया महिलाये एवं गांव के महिलाएं बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।

# बालिकाओं को जरूर भेजें स्कूल



**ढेलवाडीह।** माध्यमिक शाला मोहनपुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहनपुर श्रीमती सावित्री बाई शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल प्राचार्य पीएन उईके और विशिष्ट अतिथियों जनपद सदस्य श्रीमती संगीता बाई कंवर, पंच श्रीमती राम कुंवर, श्रीमती रनमत बाई, जगेश्वर सिंह कंवर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अवसर पर श्रीमती सावित्री बाई ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधी शारीरिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों की शिक्षा, अपने पारंपरिक संस्कृति को सहेजने और उसे निभाने की प्रेरणा अपने जीवन में घटित उदाहरणों को देकर छात्राओं को प्रेरित किया। पीएन उईके ने अपने कहा कि शासन के द्वारा सबके लिए पहली कक्षा से 8वीं तक निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर खेमचंद मार्को, रामभुवन कंवर, शिक्षक बंधन कंवर, आनंद देवांगन, कमलेश जगत, वीरेंद्र कौशिक, विजय सोनी, अरुण चौरसिया, विजेंद्र प्रताप सिंह, समारु बघेल, शीतल भार्गव, विश्वनाथ पांडेय, संदीप कुमार जायसवाल, श्रीमती बरखा यादव, श्रीमती पुष्पा कंवर, श्रीमती एकता राजपूत, श्रीमती सरिता ध्रुव सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### विश्व आदिवासी दिवस मनाने तैयारी शुरु

**कोरबा।** आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मनाने की बैठक मां चोढ़ारानी दाई मंदिर में हुई। जिसमें क्रांति मैदान तीन पेडिंया को चिन्हांकित किया गया और सभी गांवों से सहयोग स्वेच्छानुसार लेने पर सहमति बनी है। बैठक में समाज लोगों ने विश्व आदिवासी दिवस को मनाने के लिए रूपरेखा तैयार की। बोईदा से रैली निकाले जाने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम को बेहतर तरीके से मनाने के लिये आयोजन समिति सदस्यों का चयन कर लिया गया है। जिसमें अध्यक्ष मनोज जगत बोईदा, कार्यवाहक अध्यक्ष दशरथ सिंह कंवर मुरली, उपाध्यक्ष चंदर सिंह मरकाम चोढ़ा, अजमेर सिंह मरकाम अंडीकछार, तामेश्वर सिंह टेकाम उतरदा, धनराज ओड़े बम्हनीकोना, सचिव गोविंद राम कंवर पटवारी उतरदा, यूएस मरावी शिक्षक बोईदा, कोषाध्यक्ष कार्तिक राम सरुते, चंद्रिका प्रसाद उइके, संगठन सचिव भुवनेश्वर सिंह टेकाम मुड़ापार, राधेश्याम बुड़गनियापारा, रामलाल पोर्ते भेलवाडोंगरी, राजेश जगत झांझ, सलाहकार डीपी कोर्राम सलिहापारा, मंगल सिंह संग्राम सिरली, प्यारे लाल नेताम, नवरतन सिंह कंवर चोढ़ा, बीपी वरकड़े लोटनापारा, राधे सिंह नेटी लोटनापारा, बीर सिंह धनुवार झांझ, मिडिया प्रभारी दुर्गेश मरावी बोईदा, संरक्षक शत्रुहन सिंह करपे को चुना गया है।

### राष्ट्रीय सफ़ाई कामगार के चेयरमेन से महासंघ ने की मुलाकात



**कोरबा।** राष्ट्रीय सफ़ाई कामगार के चेयरमैन वैंकटेश से मिलकर ज़िले में कार्यरत सफ़ाई कर्मचारियों की स्थिति से अवगत कराया गया। चेयरमैन से मांग की गई कि सफ़ाई कामगारों का कार्य सामान्य कार्य से अलग प्रकार का है इसलिए सफ़ाई कामगारों का मज़दूरी विशेष दर्जे के तहत सामान्य कामगारों से अधिक होना चाहिए जबकि ज़िले में सफ़ाई कामगारों को भी सामान्य कामगारों के कैटेगिरी में रखकर न्यूनतम मज़दूरी का भुगतान किया जा रहा है जिसे लेकर संघ ने तत्काल राज्य सरकार के संज्ञान में लेने का अनुरोध किया है।

### प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ लेने आवेदन किया गया आमंत्रित

**कोरबा।** प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार लघु उद्यम की स्थापना हेतु ऋण प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना में प्रकरण विनिर्माण क्षेत्र हेतु परियोजना लागत वाले ऋण अधिकतम 50 लाख तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम 20 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से स्वीकृत कराया जाएगा। लघु उद्यमों के अंतर्गत फ्लाई ऐश ब्रिक्स, राईस मिल, दोना-पत्तल निर्माण, आचार निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ऑटो सर्विस सेंटर, टेंट हाउस, मोबाइल रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, टीवी रिपेयरिंग आदि शामिल हैं। इच्छुक उद्यमी पीएमईजीपी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं। ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को 18 वर्ष से अधिक आयु, छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी तथा परिवार का कोई भी सदस्य पूर्व में किसी शासकीय योजना/छूट का लाभ न लिया होना अनिवार्य है। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख रूपए से अधिक और सेवा क्षेत्र में 05 लाख रूपए से अधिक लागत वाली परियोजनाएं स्थापित करने के लिए आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना वांछनीय है। सभी श्रेणी के हितग्राहियों को परियोजना लागत का 5 प्रतिशत मार्जिन मनी का प्रावधान है।

# जिला पुलिस को जल्द मिलेगा अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले की यातायात पुलिस जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस ये इंटरसेप्टर वाहन से लैस होगी और यह वाहन हादसों को रोकने की दिशा पर काम करेगी। साथ ही क्राइम कंट्रोल करने में भी काम आएगी। संभावना जताई जा रही है कि यह अत्याधुनिक वाहन कोरबा पहुंच जाएगा और सड़कों पर उतर कर हाई क्वालिटी वाले कैमरे से लैस वाहन तेज रफ्तार वाहन की स्पीड चंद सेकेंड में माप सकेगी।

ज्ञात रहे कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से जिले में भारी वाहनो की भरमार है। जिले की सड़कों पर हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ते ही जा रहा है। इन हादसों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने पहल की है और 15 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीदी की गई है जिसमें से एक वाहन कोरबा जिले को भी दी जाएगी। जिसका विधिवत उद्घाटन राजधानी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर दिया है। अब राजधानी से जल्द ही इंटरसेप्टर वाहन जिले की सड़कों नजर आएगी इस वाहन की खासियत है कि इंटरसेप्टर वाहनों में 360 डिग्री में रोटेट होने वाले कैमरे लगे हैं। जो भी ओव्हरस्पीड वाहन होंगे उनकी ये तत्काल फोटो खीच लेगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालों का ये चालान काटेगा। इसके साथ ही वाहन में ब्रेथ एनालाइजर की सुविधा और सर्विलांस कैमरे से यह वाहन लैस है। वाहन में लगे हाई टेक्नोलॉजी के साउंड सिस्टम से लोगों को निर्देश भी देने में ये वाहन सक्षम है। इस वाहन में स्पीड रडार गन भी लगा है साउंड मीटर और इसके पारदर्शी शीशे के भीतर लगे मशीन बाहर के हालत की भांप सकता है। वाहन में घूमने वाली कुर्सियां भी लगाए गए हैं ताकि वाहन के पीछे लगे उपकरणों को नियंत्रित किया जा सके। एक वाहन में चार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## हादसों पर लगेगा विराम, तीव्रता व लाइट का फोकस मापने में है दक्ष

**खास बातें**


- एक वाहन में चार पुलिस कर्मी होंगे तैनात।
- अत्याधुनिक सुविधा से लेस होगी वाहन



## खेती के समय किसान कर रहे संकट का सामना

# जिले के गोदाम से लेकर सोसायटी तक डीएपी खाद की बनी है किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

खरीफ की फसल की तैयारी में जुटे किसानों को डीएपी खाद के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम के कटघोरा और उरगा के गोदाम में डीएपी खाद का संकट बना हुआ है। दोनों बड़े गोदामों में खाद नहीं होने के कारण समितियों में आपूर्ति प्रभावित होने के कारण किसानों को खेती के समय खाद नहीं मिल पा रही है।

**खास बात**

- नान के उरगा व कटघोरा गोदाम में नहीं है डीएपी खाद

बारिश के सीजन में खेती की तैयारी में जुटे किसानों को खाद की सुविधा प्रदान करने हेतु नागरिक आपूर्ति निगम के कटघोरा और उरगा के गोदाम से सोसायटियों में खाद का भंडारण समय पूर्व कर दिया जाता है। इस वर्ष भी अप्रैल के प्रथम सप्ताह से खाद भंडारण का कार्य शुरू हो चुका था। बारिश देर से शुरू होने के कारण शुरूआती दौर में किसानों को खाद संकट का सामना नहीं करना पड़ा। जैसे ही खेती की शुरूआत हुई किसान समितियों से खाद उठाना शुरू कर दिए। बीते एक सप्ताह तक बारिश नहीं होने से खाद की आवश्यता जब किसानों को महसूस हुई तब डीएपी खाद समितियों में नहीं होने के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। पाली से लेकर पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा के श्यांग की समितियों द्वारा डीएपी खाद के लिए डिमांड दी जा रही है, लेकिन समय पर उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। डीएपी खाद का संकट सोसायटियों में बना हुआ है। इसके पीछे कारण यह बताया गया है कि आपूर्ति में थोड़ी देरी हो रही है। वहीं नागरिक आपूर्ति निगम के जिन उरगा और कटघोरा के गोदामों से खाद की आपूर्ति की जाती है उन गोदामों में भी डीएपी खाद खत्म हो गई है।

### समितियों में खाद उपलब्ध

सभी सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध है और किसानों का वितरण भी हो रहा है। डीएपी खाद नहीं होने के संबंध में समितियों से जानकारी ली जाएगी। लिक्विड खाद भी किसानों को उपलब्ध कराई गई है ताकि उन्हें खाद के लिए परेशान न होना पड़े।

**- पूर्णिमा सिंह,** उप पंजीयक, सहकारिता विभाग

### उरगा में है एफसीआई का रेक प्वाइंट

उरगा में एफसीआई ने कुछ वर्ष पूर्व ही अपना रेक प्वाइंट बनाया है। जिससे एफसीआई अपने हिस्से का धान सीधे उरगा गोदाम से मालगाड़ी में लोड करता है। उसी तरह खाद की आपूर्ति भी अब सीधे जिले में हो रही है। पूर्व में खाद के लिए जांजगीर चांपा जाना पड़ता था जहां एफसीआई का रेक प्वाइंट था। जिस वजह से खाद की आपूर्ति में लेटलतीफी हुआ करती थी और अब चूंकि जिले में ही एफसीआई का रेकप्वाइंट है उसके बाद भी खाद को लेकर किसान परेशान हो रहे हैं। हालांकि अन्य खाद यूरिया, सुपरफास्फेट एवं पोटाश पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, किंतु किसानों की ओर से डीएपी खाद की डिमांड ज्यादा आ रही है।

### बढ़ गई रासायनिक खाद की खपत

खेती का रकबा बढ़ने के कारण रासायनिक खाद की खपत भी बढ़ी है। पूर्व में 27 समितियां ही धान खरीदा करती थी। अब 41 सहकारी समितियां धान खरीद रही हैं और 45 हजार से अधिक किसान अब खरीफ की फसल ले रहे हैं। वन अधिकार पत्र के भूस्वामियों द्वारा भी सरकार से मिली जमीन में धान की फसल ली जा रही है। जिससे खाद की खपत वर्ष प्रतिवर्ष बढ़ रही है। यही कारण है कि मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

# तीन कबाड़ियों के ठिकाने पर पुलिस ने मारा छापा


जब्त वाहन एवं कबाड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कबाड़ के खिलाफ पुलिस फिर से एक्शन में नजर आयी जहां पुलिस कप्तान के निर्देश पर जिला पुलिस ने अवैध कबाड़ के खिलाफ मुहीम चलाते हुए लाखों का माल बरामद किया है और 5 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है।

**खास बातें**

- अलग अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने की कार्रवाई
- 17 लाख का कबाड़ जप्त

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अवैध कबाड़ के खिलाफ जिला पुलिस ने विशेष मुहीम चलाई और शहर में चोरी छिपे कबाड़ का अवैध व्यापार करने वालों की धरपकड़ की गई। इस कड़ी में कोतवाली पुलिस ने राताखार से एक माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएफ 1798 से 5 टन कबाड़, मानिकपुर चौकी क्षेत्र के रामनगर बाइपास रोड से एक पिकअप वाहन से 1351 किलो कबाड़ तथा कटघोरा थाना से आरोपी बेदराम के पास से 3 क्विंटल कबाड़ कुल 7 टन कबाड़ कीमती 17 लाख रुपए को जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में राताखार निवासी मुकेश साहू, बाइपास रोड रामनगर निवासी तनवीर अंसारी, सीतामणी निवासी जुगनू सारथी, छुरी कटघोरा निवासी विजय साहू, कटघोरा निवासी बेदराम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

# शादी समारोह में चोरी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने किया गिरफ्तार


जब्त जेवरात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शादी समारोह में देर रात को घुसकर चोरी करने के मामले में चंद घंटों के भीतर ही पुलिस ने एक नाबालिग को धरदबोचा और पकड़े गए नाबालिग के कब्जे से लाखों रुपए कीमती सोने चांदी के जेवरात को जप्त करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के समुदायिक भवन में शादी समारोह के दौरान हुई थी चोरी की वारदात

ज्ञात रहे कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन में शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोरों ने घुसकर नगदी रकम व सोने चांदी के जेवरातों की चोरी की थी। प्रार्थी रविकुमार यादव ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी जिस पर मानिकपुर चौकी पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू अपनी टीम के साथ आरोपियों के धरपकड़ में जुटे हुए थे। इस बीच पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फ़ुटेज और घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्य के सहायता से घटना को अंजाम देने वाले विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर उसके कब्जे से सोने का हार, चाँदी की बिछिया 6 नग, चाँदी का चूड़ा, सोनहरी बाज़ारू चैन, मंगलसूत्र बाजारू 2 नग, सोनहरी बाज़ारू हार क़ीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए को बरामद किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि सुदामा पाटले, मप्रआ स्मिता बेक, आर संजय रात्रे, गंगाराम डांडे और प्रदीप राठौर का विशेष योगदान रहा है।

# सात दिन में सफाई कर्मियों को रेनकोट व यूनिफार्म कराएं उपलब्ध


बैठक लेते एम वेंकटेशन, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने नगर निगम, एसईसीएल सहित अन्य क्षेत्रों में एजेंसी के माध्यम से सफाई करने वाले कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए नगर निगम अंतर्गत संबंधित संचालक ठेकेदारों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ सफाई कार्य करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित राशि उनके खाते में प्रदान करें। कर्मचारियों को अवकाश प्रदान करने के साथ ही उन्हें पीएफ और बीमा का लाभ अवश्य दें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को 7 दिवस के भीतर यूनिफॉर्म, रेनकोट, सुरक्षा उपकरण, आईडी कार्ड प्रदान करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सफाई कार्य से जुड़े विभागीय अधिकारियों, सार्वजनिक उपक्रम बाल्को, एनटीपीसी, एसईसीएल सहित अन्य उपक्रमों के अधिकारी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सफाई कार्य कराने वाले एजेंसी के संचालकों, ठेकेदारों और संबंधित सफाई कर्मियों से चर्चा कर सफाई कर्मचारियों को दी जा रही वेतन, सफाई सामग्री, यूनिफॉर्म, सुरक्षा उपकरण, पीएफ, ईएसआईसी कार्ड के संबंध में जानकारी ली। अध्यक्ष श्री वेंकटेशन ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों को एजेंसी द्वारा एग्रीमेंट के तहत सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। एग्रीमेंट का पालन नहीं करने वाली एजेंसियों के विरूद्ध उन्होंने कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने सफाई कर्मियों का श्रम कार्ड बनाने तथा शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने आयोग के अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सफाई कर्मचारियों यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करने की बात कही। बैठक में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा मिशन क्लीन सिटी में कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी को समय पर वेतन एवं अवकाश नहीं मिलने की जानकारी दी गई। इस संबंध में निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा बताया गया कि बैंक द्वारा केवाईसी की प्रक्रिया कराई जा रही थी। दस्तावेजों के अभाव में कुछ स्वच्छता दीदीयों को वेतन में विलंब हुआ है। इस संबंध में कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि संबंधित सुपरवाईजरों की ट्रेनिंग आयोजित कर उन्हें महीने की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से स्वच्छता दीदीयों का डाटा प्रस्तुत कराया जाए। वेतन में विलंब होने पर संबंधित सुपरवाइजरों पर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने स्वच्छता दीदीयों के अवकाश के संबंध में की गई मांग पर राज्य शासन से पत्राचार पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश दिए।

### 715 कर्मचारियों का नहीं हुआ सुरक्षा बीमा

715 कर्मचारियों का सुरक्षा बीमा नहीं होने की जानकारी सामने आने पर जिला प्रशासन द्वारा ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा बीमा का प्रीमियम जमा करने हेतु पहल करने की बात कही है। बैठक में मैन्युल स्कैवेंजिंग वाले कर्मचारियों की सूची तैयार करने और बिना प्रशिक्षण तथा सुरक्षा सामग्री के सफाई का कार्य नहीं कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छता दीदीयों का श्रम कार्ड बनाने शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने बैठक में सफाई कर्मचारियों को किसी प्रकार की शिकायत होने पर आयोग की वेबसाइट और दूरभाष नंबर 011-24648924 पर फोन करने कहा है।

*__कोरबा।__ जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 24 जुलाई 2024 तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देष पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रचार-प्रसार रथ को रवाना किया गया है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विकासखण्डों में घूमकर परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधन के संबंध में जागरूकता प्रदान करेगा।

## नीट परीक्षा में धांधली का जताया विरोध

# भारी बारिश में भीगते हुए एनएसयूआई ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विरोध प्रदर्शन करते एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

नीट में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव एवं राज्य प्रभारी आकाश चौधरी के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष वह कार्यक्रम प्रभारी शशांक मिश्रा के उपस्थिति में एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा व जिलाअध्यक्ष ग्रामीण मनमोहन राठौर के संयुक्त नेतृत्व मे मशाल रैली पाममाल से टीपी नगर चौक तक निकाला गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रभारी शशांक मिश्रा ने कहा कि मशाल रैली निकाल विरोध प्रदर्शन पूरे प्रदेश में कर रहे हैं और नीट पेपर लीक का विरोध पूरे राष्ट्र में किया जा रहा है नीट के एग्जाम में जो धांधली हुआ है वह निंदनीय है और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने कहा कि जो नीट एग्जाम में जो धांधली हुई है लाखों छात्र-छात्राओं की भविष्य के साथ खेला जा रहा है यह 20 लाख स्टूडेंट का मामला है। इसमें कुछ रेड फ्लेग्स है जैसे 67 कैंडीडेट्स का 720 में 720 हासिल करना जो पिछले वर्षों में काफी कम रहता था आश्चर्य जनक है इसलिए जो एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) इस एग्जाम को जो एग्जाम कंडक्ट करती है इसे बैन किया जाए और नीट का एग्जाम रिकंडक्ट कराया जाए जो लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए बेहतर होगा। एनएसयूआई ग्रामीण अध्यक्ष मनमोहन ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर रही है एनएसयूआई द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है मांग पूर्ण न होने पर हमारे द्वार और उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मनदीप शर्मा, विशाल सिंह, जुनैद मेमन, दिवाकर, सौरभ सिंह, वन विश्वकर्मा, धनंजय राठौर, रमेश महंत, रिंकू आदिले, मंजीत सिंह, अमित सिंह, विवेक श्रीवास, राजेश यादव, अंकित श्रीवास्तव, राजू रवि, सागर, वसीम अकरम, सफी, नीरज, साहिल, अनिकेत, चमन पटेल, आशीष बंजारे, प्रमोद काकरे, रमन, अरुण, विजय, छोटू, राजेश एवं अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780